




## ऑटो से महिला के 4 लाख के गहने पार पुलिस ने कहा अपनी सुरक्षा स्वयं करें

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, शहर में ऑटो सवार एक महिला यात्री एक बार फिर चोरी की घटना का शिकार हुई है. यहां मायके से ससुराल जाने के लिए निकली महिला के बैग से चलती हुई ऑटो में 4 से 5 लाख के गहने पर हो गए. घटना की जानकारी महिला को तब हुई जब वह बस स्टैंड पहुंची, तब उसके बैग की चेन खुली हुई थी और उसमें रखे गहने गायब थे.**

पीड़ित महिला मामले की शिकायत दर्ज कराने थाना पहुंची तो उसे पुलिस ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि अपनी सुरक्षा स्वयं करें. हालांकि बाद में महिला को एक थाने से दूसरे थाने भेजा गया और वह दो थानों के बीच चक्कर काटती रही और बाद में उसका शिकायती आवेदन लेकर चलता कर दिया गया. दरअसल यह मामला आज शहर के मुख्य बाजार प्रकाश चौराहे से पुराने बस स्टेंड के बीच का है, जहां ऑटो से जा रही महिला के बैग से चार से पांच लाख कीमती सोने के गने अज्ञात चोरों ने पर कर दिए. घटना के संबंध में पीड़ित महिला आरती सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने मायके गोविंदगढ़ स्थित धोपखरा गांव से ससुराल मैहर जाने के लिए निकली थी. पीड़ित महिला के मुताबिक जब वह ऑटो से शहर के पुराने बस स्टैंड जा रही थी, तभी बीच रास्ते में दो अन्य महिलाएं सवार हुई, इसी बीच उसके बैग में रखें गहने पार हो गए. पीड़िता की मुताबिक बैग में कान का झुमका, मंगलसूत्र, मनचली वा सोने की अंगूठी सहित दो हजार की नगदी थी, जो बैग से गायब है.

### शिकायत दर्ज कराने दो थानों के काटती रही चक्कर

घटना के बाद महिला दो थाने के बीच शिकायत दर्ज कराने चक्कर काटती रही. इस घटना के बाद पीड़ित महिला ने सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर पुलिस को घटना से अवगत कराया, जहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने महिला की मदद करने के बजाय उसे यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि अपनी सुरक्षा स्वयं करें. पुलिस कर्मियों की यह बात सुनकर पीड़ित महिला वहां से सिविल लाइन थाना पहुंची, जहां से उसे एक बार फिर कोतवाली भेजा गया. इस तरह से कई बार कोतवाली और सिविल लाइन थाने के चक्कर काटने के बाद अंत में सिविल लाइन थाने में महिला का शिकायती आवेदन लिया गया. हालांकि मामले में पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले हैं जिसमें दो संदेही महिलाएं ऑटो में सवार नजर आई है.

## जगतगुरु राजेन्द्र दास महाराज ने बसामन मामा के दर्शन कर पीपल को रोपित किया

### उप मुख्यमंत्री ने जगतगुरू को दिखाई प्राकृतिक खेती, किया पौधरोपण, उप मुख्यमंत्री ने स्वयं कार्ट वाहन चलाया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, बसामन मामा गौवंश वन्य विहार परिसर में जगदगुरू राजेन्द्रदास महाराज एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पंचवटी वृक्षारोपण कार्यक्रम में पाँच पवित्र वृक्षों का रोपण किया. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के इस पुनीत संकल्प में पाँच पवित्र वृक्षों का रोपण आने वाली पीढ़ी के लिये हरित और स्वस्थ्य भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.**




जगदगुरू राजेन्द्रदास महाराज एवं उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा के दर्शन किये. उन्होंने बसामन मामा की पूजा अर्चना कर आरती उतारी व आशिर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर पीपल का वृक्ष रोपित करते हुए राजेन्द्रदास ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पीपल का वृक्ष आस्था, पर्यावरण संरक्षण और जीवन ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है. इसमें भगवान नारायण साक्षात विराजमान होते हैं. इस अवसर पर एसडीएम दृष्टि जायसवाल एवं पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, डॉ. राजेश मिश्रा भी उपस्थित रहे. उप मुख्यमंत्री ने स्वयं कार्ट वाहन ड्राइव करते हुए महाराज जी को बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में गौशाला व प्राकृतिक खेती स्थल का अवलोकन कराया. राजेन्द्रदास ने गौसंरक्षण के साथ प्राकृतिक खेती के प्रकल्प की सराहना करते हुए कहा कि इससे हमारी धरती माता स्वस्थ्य रहेगी, शुद्ध अनाज उत्पादित होगा और सभी स्वस्थ्य रहेंगे. उन्होंने कहा कि इस प्रकल्प का किसान लाभ लेकर अपने खेतों में भी इसे अपना सकेंगे. यह उनके लिये प्रेरणादायी है. उन्होंने कहा कि गौवंश वन्य विहार में सुखपूर्वक गौवंश निवास कर रहे हैं. यहां उनकी पूरे मनोभाव से सेवा हो रही है. उप मुख्यमंत्री ने राजेन्द्रदास महाराज को बसामन मामा गौशाला में शिला पट्टिका पर लिखी गौमाता की महिमा की कविता को पढ़कर सुनाया एवं विस्तृत जानकारी दी. इस दौरान संतजन व गौअभ्यारण्य से संबंधित जन उपस्थित रहे. बतादे कि दो दिन से यहा कथा चल रही है जिसका श्रवण करने दूरदराज से लोग पहुंच रहे है.

## रीवा संभाग ई-ऑफिस में लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, प्रशासनिक नवाचार के तहत ई आफिस व्यवस्था लागू की गई है. अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है.**

ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में अक्टूबर माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है. इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 14251 फाइलें ई आफिस में क्रिएट की गईं तथा 55886 फाइलों का मूवमेंट हुआ. प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 5393 फाइलों का क्रिएशन तथा 41330 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है. इसमें 2611 फाइलों का क्रिएशन तथा 27608 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं इनकी कुल संख्या 65 है. इस रैंकिंग में रीवा जिला 17वें स्थान पर है. रीवा जिले में 5898 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 37373 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. रैंकिंग में सिंगरौली जिला 40वें, मऊगंज जिला 50वें, सतना जिला 47वें, सीधी जिला 45वें तथा मैहर जिला 58वें स्थान पर है. संभाग में कार्यालय के अंदर फाइलों का संचालन आनलाइन होता है.

## अभियान में आमजनों के 22528 आवेदन पत्र मंजूर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, आम जनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है.**

जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है. अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं. इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 36450 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं. इनमें से 22528 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया है. विभिन्न कारणों से 1351आवेदन पत्र अस्वीकृत किए गए हैं.

### संक्षिप्त

#### वसूली राशि न जमा करने पर वारंट जारी

**रीवा,** विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद त्योंथर अन्तर्गत सोनौरी ग्राम पंचायत के सरपंच श्यामबाबू साहू पूर्व सरपंच बाबूलाल कोल एवं सचिव अमर सिंह के विरूद्ध वसूली की राशि न जमा किये जाने पर वारंट जारी किया है. उन्होंने सीईओ जनपद त्योंथर को निर्देश दिये हैं कि संबंधित थाने में पत्र की तामीली कराकर तीन दिवस में सूचित किया जाना सुनिश्चित करें.

#### मऊगंज और मैहर में जिला संयोजक कार्यालय प्रमुख घोषित

**रीवा,** नवगठित मऊगंज और मैहर जिले में जनजातीय कार्य विभाग में जिला संयोजक के पद को स्वीकृत दी गयी है. इसके साथ ही जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को कार्यालय प्रमुख घोषित किया गया है. इस संबंध में जनजातीय कार्य विभाग संचालनालय से आदेश जारी कर दिये गये हैं.

#### पच्चीस में से सात छात्रों का चयन

**रीवा,** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रीवा में विंड वर्ड कंपनी द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया. उक्त प्लेसमेंट ड्राइव में इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल और इलेक्ट्रॉनिक एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 82 छात्रों द्वारा पंजीयन कराया गया. जिसमें से सर्वप्रथम कंपनी द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से 25 छात्रों का चयन किया गया. तत्पश्चात मौखिक परीक्षा में बैठे इन 25 छात्रों में से 7 छात्रों का चयन अंतिम रूप से विंड वर्ड कंपनी की विभिन्न इकाइयों हेतु किया गया. उक्त प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन संस्था प्राचार्य डॉ ऋषिकेश त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट अधिकारी गौरव गुप्ता के संयोजकत्व में किया गया. संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ भावना पांडे, ए पी सिंह, अशोक कुमार अवस्थी मौजूद रहे.



#### शिविर लगाकर जमा कराया गया सम्पत्तिकर

**रीवा,** नगर पालिक निगम, रीवा द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देश पर राजस्व वसूली, सम्पत्तिकर, जलकर एवं अवैध कॉलोनी शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली जमा कराये जाने हेतु 09 फरवरी से 02 मार्च तक वार्डवार विशेष वसूली शिविरों का आयोजन किया जाना है. शिविर का समय प्रात: 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है. इस क्रम में 13 फरवरी को वार्ड क्र. 7, 8 एवं 9 के लिए नीम चैराहा, बोदाबाग में शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में सम्पत्तिकर बकाया राशि 259000 रू. एवं जलकर बकाया राशि 203508 रू. जमा कराया गया. साथ ही 14 फरवरी को वार्ड क्र. 41, 42 एवं 27 हेतु पुराना बिछिया थाना के पास में शिविर का आयोजन किया जावेगा. गौरतलब है कि शिविर का वार्डवार निरंतर आयोजन किया जाना है. नगर निगम द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में आवासीय घरों पर सम्पत्तिकर में 50 प्रतिशत का छूट दिया जा रहा है.

#### हिंदी कार्यशाला हुई आयोजित

**रीवा,** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) के तत्वावधान में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्देश्य कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रभावी प्रयोग को प्रोत्साहित करना तथा राजभाषा नीति के प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है. कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक अजय खरे द्वारा किया गया. उन्होंने हिंदी को प्रशासनिक और बैंकिंग कार्यप्रणाली में अधिकाधिक अपनाने पर बल देते हुए इसे सुशासन और प्रभावी संप्रेषण का सशक्त माध्यम बताया. कार्यशाला के विभिन्न तकनीकी सत्रों में राजभाषा हिंदी का परिचय, राजभाषा नीति एवं नियमों से संबंधित संवैधानिक प्रावधान, तथा राजभाषा कार्यान्वयन में नराकास की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया.



बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं महापौर अजय मिश्रा बाबा

## रीवा के विकास का कारवां तेजी से आगे बढ़ रहा है : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, नगर पालिक निगम रीवा के वार्ड क्रमांक 10, शिव नगर साइट में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत दुकानों एवं कार्यालय इकाइयों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा किया गया.**



उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि रीवा नगर में बेहतर रेल नेटवर्क एयरपोर्ट के कारण आम व्यक्ति के जीवन में गुणात्मक बदलाव हो रहा है. एयरपोर्ट से पूरे देश में एयर कनेक्टिविटी हो जाने से शहर में टूरिज्म ट्रैवल्स टैक्सी होटल रेस्टोरेंट छोटे-छोटे काम धंधा करने वालों को स्वरोजगार से व्यापार के नए रास्ते खुले हैं. रीवा के विकास का कारवां तेजी से आगे बढ़ रहा है सभी की भागीदारी से हम रीवा शहर का विकास हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर कर रहे हैं. रीवा की गौरवशाली विरासत को सहेजने एवं संवारने का भी काम हो रहा है गुढ़ में भैरवनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण से पर्यटकोंका पसंदीदा जगह आने वाले समय में रीवा बनेगा. शिवनगर साइट के निर्माण से वार्ड क्रमांक 10 के विकास का कारवां तेजी से आगे बढ़ेगा. उन्होने कहा कि क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय नागरिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे. इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, वार्ड 10 पार्षद अमिता सिंह, निगम कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सहायक यंत्री राजेश चतुर्वेदी मौजूद रहे.

## कांग्रेस जिला समन्वय समिति की बैठक में संगठन और अनुशासन पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई.**

जिसमें पंचायत एवं वार्ड स्तर पर कमेटियों का गठन अतिशीघ्र किये जाने पर चर्चा की गई. सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिये. संगठन के साथ अनुशासन पर बल दिया गया. बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि कमेटियों के गठन में समन्वय समिति के पदाधिकारियों की महती भूमिका हैं. उन्हें ब्लाको एवं मण्डलम अध्यक्षो से समन्वय स्थापित कर कमेटियों के गठन मे अपनी महती भूमिका का निर्वाहन करना हैं.

जिला कार्यकारिणी गठन के संदर्भ मे बताया कि जिला कार्यकारिणी मे अब केवल 51 पदाधिकारी रहेगें तथा 25 लोगों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप मे शामिल किया जायेगा. बिजली कटौती सहित अन्य समस्याओं को लेकर शीघ्र ही जनआंदोलन की आवश्यकता पर सदस्यों ने जोर दिया. राज्यसभा के पूर्व सांसद राजमणि पटेल ने कहा कि हर बिन्दु पर सभी लोगो की राय ली जानी चाहिए. सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कहा कि संगठन के हिसाब से ही चलना चाहिए इसमे किसी की मनमानी स्वीकार नही की जानी चाहिए. महापौर अजय मिश्रा बाबा ने पार्टी एवं संगठन मे अनुशासन का सख्ती से पालन किये जाने की जरूरत पर बल दिया, और कहा कि यदि कोई अनुशासनहीनता करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए. पूर्व विधायक रामगरीब बनवासी, विमलेन्द्र तिवारी, विद्यावती पटेल, कविता पाण्डेय, रमाशंकर सिंह पटेल, बबिता साकेत, सहित संगठन को सक्रिय करने हेतु समन्वय समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिया जिसका समर्थन सभी लोगो ने किया.

## पंचमठ आश्रम में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पंचमठ आश्रम रीवा में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का भव्य शुभारंभ भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती को हल्दी मेंहदी चढाकर हुआ.**

सर्वप्रथम महिलाओं द्वारा विधि-विधान के साथ भगवान भोलेनाथ एवं गौरा पार्वती की पूजा अर्चना की गई. तत्पश्चात् महिलाओं द्वारा संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और भोलेनाथ एवं गौरा पार्वती को हल्दी मेंहदी चढ़ायी गई.

द्वितीय दिवस 14 फरवरी को सुबह 10 बजे से अखण्ड मानस पाठ का आयोजन किया गया है तथा तृतीय दिवस 15 फरवरी को बैजू धर्मशाला से भगवान भोलेनाथ की भव्य बरात निकाली जावेगी तथा पंचमठ आश्रम में दोपहर 1.00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भण्डारा होगा.

## परीक्षा के दौरान छात्रों के मोबाइल चोरी, मार्तण्ड -3 की घटना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, रीवा में कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र के बाहर 4 से 5 छात्रों का मोबाइल फोन चोरी हो गया.**

यह घटना उसे वक्त हुई जब छात्र अपनी बाइक की डिग्गी में मोबाइल फोन रखने के बाद केंद्र के भीतर परीक्षा दे रहे थे, और जब परीक्षा देकर बाहर आए तो उनके बाइकों की डिग्गी खुली हुई थी जिसमें रखे मोबाइल गायब थे.घटना सिविल लाइन थाने से चंद कदम दूर स्थित शासकीय मार्तंड क्रमांक 3 की है. हालांकि चोरी गए मोबाइल में फोन लगाने पर फोन को रिसीव किया गया, लेकिन बाद में मोबाइल बंद हो गया. फिलहाल मोबाइल चोरी की घटना का शिकार हुए छात्र सिविल लाइन थाना पहुंचे हैं और मामले की शिकायत दर्ज कराई है. घटना के संबंध में पीड़ित छात्र ने बताया कि वह आज कक्षा 12वीं की परीक्षा देने के लिए मार्तंड क्रमांक 3 विद्यालय गया था. छात्र ने बताया कि उसने अपनी बाइक को स्कूल परिसर के अंदर ही पार्क किया था.

## समाधान अभियान में रीवा संभाग में 138545 आवेदन पत्र हुए मंजूर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, रीवा संभाग के सभी जिलों में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर आमजनता से पात्रता के अनुसार विभिन्न योजनाओं के आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं.**



जनता की समस्याओं से जुड़े आवेदन पत्रों का भी निराकरण किया जा रहा है. आवेदन पत्रों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर विभागवार दर्ज किया जा रहा है. इसके साथ-साथ आवेदन पत्रों के निराकरण की भी जानकारी पोर्टल में दर्ज की जा रही है. रीवा संभाग में अब तक आमजनता से 216815 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं. इनमें से 138545 आवेदन पत्र मंजूर कर लिए गए हैं. इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि आवेदन पत्रों के निराकरण की लगातार कार्यवाही की जा रही है. संभाग में 13 फरवरी तक सतना जिले में लगाए गए शिविरों में 48397 आवेदन पत्र प्राप्त हुए. इनमें से 45610 आवेदन पत्र मंजूर कर लिए गए हैं.

रीवा जिले में कुल 36354 आवेदन पत्र प्राप्त हुए. इनमें से 22306 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं. सिंगरौली जिले में प्राप्त 33822 आवेदनों में से 13563 तथा सीधी में प्राप्त 65246 आवेदन पत्रों में से 31137 आवेदन पत्रों को मंजूर कर लिया गया है.

## धीमी प्रगति पर सीईओ ने लगाई फटकार, सचिवों और उपयंत्री को नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 फरवरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में जनपद पंचायत जवा के सभागार में विकास कार्यों एवं हितग्राही मूलक कार्यों में प्रगति की समीक्षा की गई.**

बैठक में पीएम आवास की समीक्षा के दौरान प्रारंभ की गई ग्राम पंचायत हरदोली, के 21 आवास अपूर्ण पाए गये जिसमें सचिव को निलंबन हेतु एवं पीसीओ को नोटिस जारी करने तथा कंचनपुर में 13 आवास अपूर्ण पाए जाने पर सचिव तथा ग्राम पंचायत पटेहरा में सचिव/जी0आर0एस0/ पीसीओ को न्यून प्रगति हेतु नोटिस जारी करने सहित ग्राम पंचायत में आवास अपूर्ण पाए जाने पर सचिव/जीआरएस /पीसीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये. इसी प्रकार के ग्राम पंचायत घूमन के सचिव/जीआरएस/ पीसीओ ग्राम पंचायत दोंदर सचिव/जीआरएस/ पीसीओ तथा ग्राम पंचायत खम्हरिया-34, सचिव/जीआरएस/ पीसीओ को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया. एक बगिया मां के नाम की समीक्षा में ग्राम पंचायत बरौलीठकुरान, खम्हरिया-17 , लूक डगडैया, के सचिव/ जीआरएस द्वारा एक सप्ताह में पूर्ण कराऐ जाने हेतु कहा गया. ग्राम पंचायत कल्याणपुर, कंचनपुर, छदहना में एक सप्ताह में कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम पंचायत नष्टिगवां में खेत तालाब स्वीकृत हैं जिनका दो सप्ताह में कार्य पूर्ण करने हेतु एवं सचिव/ जी0आर0एस0 को निलंवित करने एवं उपयंत्री को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया. बैठक में सीईओ जनपद पंचायत जवा, सहायक परियोजना अधिकारी मौजूद रहे.

### जीआरएस की संविदा समाप्ति को नोटिस

ग्राम पंचायत छतैनी, जी0आर0एस0 को संविदा समाप्ति हेतु नोटिस जारी करने एवं ग्राम पंचायत डगडैया सचिव/जी0आर0एस0 को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया. नल जल योजना के संबंध में जिन ग्राम पंचायतों के कार्य पूर्ण हो गये हैं उनका हैण्ड ओवर किये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया. इस दौरान अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई.